हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

12 नेशनल ग्रेपलिंग रेसलिंग चैंपियनशिप में



12 शॉर्ट सर्किट से लकड़ी की दुकान में लगी आग, लाखों



खबर संक्षेप

सड़क किनारे बैठे दो दोस्तों को बाइक ने मारी टक्कर

नारनौंद। गांव मिलकपुर में सड़क किनारे बैठे दो दोस्तों को मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों को इलाज के लिए जींद के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। गांव मिलकपुर निवासी राजेश ने बताया कि वह 11वी कक्षा मे पढता हैं। जब वे सती माता मन्दिर के पास सड़क के किनारे बैठे हुए थे तो मिलकपुर की तरफ से एक तेज रफ्तार से लापरवाही से चलाते हुए मोटरसाइकिल ने हमको टक्कर मार दी।

मुलतानी चौक पुलिस चौकी फिर से शुरू

हिसार। युवा समाजसेवी शुभम वलेचा ने क्षेत्र वासियों की पुरजोर मांग पर मुलतानी चौक पुलिस चौकी के पुनः शुरु होने पर जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, पूर्व मेयर गौतम सरदाना, पार्षद ज्योति सुनील वर्मा, पार्षद भीम महाजन व भाजपा हिसार सब्जी मंडल के अध्यक्ष लोकेश असीजा का आभार व्यक्त किया है। चौकी पुनः खुलने से आसपास के हजारों लोगों ने राहत की सांस ली है। चौकी खुलने पर लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया गया। चौकी इंचार्ज एएसआई पप्पूराम व उनकी टीम ने मंगलवार को ही कार्यभार संभाल लिया।

चौराहे का नाम महाराजा अरुट रखने का स्वागत

हिसार। नगर निगम की मंगलवार को हुई हाऊस की बैठक में टाऊन पार्क के सामने वाले चौराहे का नाम सूर्यवंशी महाराजा अरुट के नाम पर रखने का प्रस्ताव पारित किए जाने का पंजाबी वेलफेयर सोसायटी ने किया स्वागत किया है। सोसायटी के प्रधान शम्मी नागपाल ने बताया कि चौक का नामकरण सूर्यवंशी महाराजा अरुट के नाम पर रखने का प्रस्ताव मेयर प्रवीन पोपली की अध्यक्षता में हुई बैठक में पार्षद राजेश अरोड़ा रिंकू ने रखा जिसे सभी पार्षदों ने करतल ध्वनि से पारित कर दिया।

पेंशनधारक 2 से जमा करवाएं जन्म प्रमाण पत्र

हांसी। जिला हांसी के खजाना एवं उप-खजाना कार्यालयों से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनधारकों को 2 नवंबर से जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाना होगा। नवंबर माह की पेंशन समय पर जारी करने के लिए प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार यह प्रक्रिया निर्धारित की गई है। जिला खजाना अधिकारी चंपा रानी ने बताया कि पेंशनधारकों की सुविधा के लिए नाम के पहले अंग्रेजी अक्षर के अनुसार प्रमाण पत्र जमा करवाने की तारीखें तय की गई हैं। पेंशनधारकों को निर्धारित अवधि में संबंधित खजाना कार्यालय में पहुंचकर अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाना होगा।

सीटू की दिल्ली रैली में मजदूर लेंगे भाग

उकलाना। डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन, उकलाना में मंगलवार को सीटू की बैठक सुमन देवी, रोशनी देवी और राजवीर पावड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सीटू के जिला प्रधान सुरेश कुमार और जिला कमेटी की कोषाध्यक्ष सुमन ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 1, 2 और 3 दिसंबर को होने वाली सीटू की दिल्ली रैली में उकलाना क्षेत्र से हजारों मजदूर भाग लेंगे।

भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस पर किया जागरण

हिसार। भगवान वाल्मीकि प्राचीन मंदिर में भगवान वाल्मीकि के प्रकट दिवस के अवसर पर भव्य जागरण एवं अटूट लंगर प्रसादी का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सत्यकाम आर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यहां इनेलो नेत्री ललिता टाक, प्रमोद बागड़ी , पार्षद राजेंद्र बिढ़लान,पूर्व प्रधान पवन पाहवा आदि रहे।

निगम हाउस में सफाई और निर्माण कार्यों पर घिरे अधिकारी, लापरवाह एजेंसियां होंगी ब्लैकलिस्ट

खाली प्लॉट में कचरा मिलने पर 25 हजार रुपये तक जुर्माना, सुबह 7 बजे से चलेंगी कचरा उठाने वाली गाड़ियां

बेसहारा पशुओं के लिए बनेगी अतिरिक्त टीम कई चौकों के नामकरण सहित विकास के प्रस्तावों को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम की मंगलवार को हुई हाउस बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था, सड़कों और गलियों के निर्माण में लापरवाही तथा विकास कार्यों में देरी को लेकर पार्षदों ने अधिकारियों को जमकर घेरा। सफाई कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे तो खराब निर्माण करने वाले ठेकेदारों और टेंडर मिलने के बावजूद काम शुरू नहीं करने वाली एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट करने की मांग भी उठी। सदन ने खाली प्लॉटों में कचरा मिलने पर 25 हजार रुपये तक जुर्माना लगाने, सुबह 7 बजे से कचरा उठाने वाली गाड़ियां चलाने, सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए कर्मचारियों की वार्डवार जियो मैपिंग करवाने और बेसहारा पशुओं को पकड़ने के लिए अतिरिक्त टीम गठित करने सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए। वहीं, अनाज मंडी में पानी की निकासी नहीं होने से किसान की मूंगफली की फसल खराब होने के मामले में मेयर प्रवीण पोपली सहित पूरे सदन ने विजिलेंस जांच करवाने का प्रस्ताव मंजूर किया। बैठक की अध्यक्षता मेयर प्रवीण पोपली ने की, जबकि निगमायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने अधिकारियों को समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। नगर निगम से जुड़े एजेंडों पर चर्चा के दौरान पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। सफाई, सड़क निर्माण, सीवरेज, बेसहारा पशुओं, प्रॉपर्टी टैक्स, स्ट्रीट वेंडर्स और विकास कार्यों के अलावा विभिन्न विभागों से संबंधित मुद्दे भी सदन में रखे गए। खास बात यह रही कि कुल 20 वार्डों में से अधिकतर पार्षद सत्तारूढ़ दल से जुड़े होने के बावजूद अपने क्षेत्रों में काम नहीं होने पर असंतुष्ट दिखाई दिए। पिछले दिनों सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का असर भी बैठक में नजर आया। पार्षदों ने कहा कि लंबे समय से शिकायतें करने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। शहर में बेसहारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए सदन ने एक अतिरिक्त पशु पकड़ने वाली टीम बनाने का प्रस्ताव मंजूर किया। खुले में मीट बेचने पर रोक लगाने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। डेयरियों के आसपास सीवरेज जाम होने की समस्या पर निर्णय लिया गया कि यदि जांच में डेयरी का गोबर या कचरा सीवरेज अवरुद्ध होने का कारण पाया जाता है तो संबंधित डेयरी संचालक का चालान किया जाएगा। निगमायुक्त ने बताया कि डेयरी शिफ्टिंग के लिए टेंडर हो चुका है। स्ट्रीट वेंडर्स का सर्वे भी जल्द करवाया जाएगा, जिसके आधार पर उनके लिए आगे की योजनाएं तैयार की जाएंगी।

बैठक में पार्षद सरोज जैन, मोहित सिंघल, ज्योति वर्मा, हरि सिंह सैनी, भीम महाजन, उषा, मनोहर लाल वर्मा, रवि सैनी, शीला देवी, साक्षी शर्मा, नरेश ग्रेवाल, जगमोहन मित्तल, संतोष सैनी, संजय डालमिया, डॉ. सुमन यादव, राजेंद्र बिढलान, राजेश अरोड़ा, सत्यवान पानू, नवीन कुमार, गगन शर्मा, सुरजीत सैनी और सुरेश जांगड़ा सहित पार्षद प्रतिनिधि प्रीतम सैनी, अनिल जैन, कुलदीप ओड और जयप्रकाश मौजूद रहे। अधिकारियों में अतिरिक्त आयुक्त डॉ. वेद प्रकाश, संयुक्त आयुक्त कुलभूषण बंसल, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, उपनिगमायुक्त जितेंद्र सिंह, कार्यकारी अभियंता जयबीर डूडी, अमित कौशिक, एमई अमित बेरवाल, कर्मपाल सिंधू, सुनील लांबा और सचिव संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।



हिसार। नगर निगम हाउस की बैठक में शहर की समस्याओं पर चर्चा करते मेयर प्रवीण पोपली, निगमायुक्त सी. जयाश्रद्धा और पार्षद। फोटो: हरिभूमि

सफाई कर्मचारियों की हाजिरी पर उठे सवाल

अधिकतर पार्षदों ने आरोप लगाया कि सफाई दरोगा और सहायक सफाई निरीक्षक (एएसआई) तक उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं देते। कर्मचारियों को जिन क्षेत्रों में सफाई की जिम्मेदारी दी गई है, वहां नियमित रूप से काम नहीं होता। कर्मचारी अपनी सुविधा के अनुसार कुछ गलियों में एक दिन सफाई करते हैं और बाकी गलियों को अगले दिन के लिए छोड़ देते हैं। पार्षदों ने सवाल उठाया कि सफाई दरोगा न तो कर्मचारियों की हाजिरी की नियमित जांच करते हैं और न ही सफाई कार्यों की प्रभावी निगरानी हो रही है। पार्षद राजेश अरोड़ा ने कहा कि पार्षदों के पास सफाई कर्मचारियों की हाजिरी जांचने का अधिकार नहीं है। उन्होंने अपने पुराने अनुभव का जिक्र करते हुए बताया कि एक बार उन्होंने कर्मचारियों की हाजिरी जांचने का प्रयास किया था तो अगले दिन सुबह करीब 350 लोग उनके घर के सामने प्रदर्शन करने पहुंच गए थे। वार्ड चार के पार्षद हरि सिंह सैनी ने कहा कि स्थिति ऐसी है कि पार्षद तो दूर, सफाई दरोगा भी कर्मचारियों की हाजिरी जांचने से डरते हैं। सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए निगमायुक्त ने मुख्य सफाई निरीक्षक (सीएसआई) को जीपीएस कैमरे से फोटो लेकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए, ताकि पता चल सके कि किन स्थानों से कचरा नहीं उठाया जा रहा।

पकड़े जाने पर शुरुआती चालान 500 रुपये का होगा

शहर में खाली प्लॉटों को कचरा डालने का ठिकाना बनने से रोकने के लिए सदन ने सख्त जुर्माना लगाने का प्रस्ताव पारित किया। इसके तहत खाली प्लॉट में कचरा जमा मिलने पर प्लॉट मालिक से पहली बार 10 हजार रुपये, दूसरी बार 15 हजार रुपये और तीसरी बार 25 हजार रुपये जुर्माना वसूलने का प्रावधान रखा गया है। जुर्माना जमा नहीं करवाने पर राशि प्रॉपर्टी आईडी में दर्ज की जाएगी। वहीं, किसी दूसरे व्यक्ति को खाली प्लॉट में कचरा डालते हुए पकड़े जाने पर शुरुआती चालान 500 रुपये का होगा। पार्षदों ने इस व्यवस्था की प्रभावी निगरानी करने की मांग की।

सुबह 7 बजे से चलेंगी कचरा उठाने वाली गाड़ियां

डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था में सुधार के लिए कचरा उठाने वाले वाहनों के सुबह चलने का समय 7 बजे निर्धारित किया गया। पार्षदों ने शिकायत की कि कई जगह वाहनों के स्पीकर नहीं बजते और गाड़ियां पर्याप्त समय तक नहीं रुकतीं, जिससे लोग कचरा नहीं डाल पाते। सदन ने इन समस्याओं का समाधान करने और तंग गलियों में ई-रिक्शा आधारित कचरा वाहन उपलब्ध करवाने के प्रस्ताव पारित किए। हड़ताल के दौरान बने सेकेंडरी कचरा पॉइंटों की सफाई करवाने और दोबारा वहां कचरा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने पर भी सहमति बनी। दिवाली तक प्रत्येक वार्ड में निर्धारित दिन ट्रैक्टर-ट्रॉली उपलब्ध करवाकर कचरा उठाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा ग्रीन बेल्ट और सड़कों के बीच बने डिवाइडरों की सफाई के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करने तथा ट्रांसफार्मरों और सेकेंडरी कचरा पॉइंटों के आसपास फेंसिंग करवाने का प्रस्ताव भी पारित हुआ।

ठेकेदारों पर पेनल्टी लगाने का निर्णय लिया

काम शुरू नहीं करने वाली एजेंसियां होंगी ब्लैकलिस्ट सड़कों और गलियों के निर्माण में देरी तथा काम पूरा होने के कुछ समय बाद ही सड़कें टूटने का मुद्दा बैठक में जोरशोर से उठा। पार्षदों ने कहा कि कई जगह निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं हो रहे और सड़कें क्षतिग्रस्त होने के बाद भी ठेकेदार मरम्मत नहीं करवाते। निगमायुक्त ने लापरवाही करने वाले ठेकेदारों पर पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए, लेकिन पार्षदों ने मांग की कि घटिया निर्माण करने वालों को ब्लैकलिस्ट किया जाए। सदन ने उन एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट करने का प्रस्ताव भी पारित किया, जिन्होंने टेंडर आवंटित होने के बावजूद काम शुरू नहीं किया या डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड (डीएलपी) के दौरान अपनी जिम्मेदारियां पूरी नहीं कीं।

मंडी में मूंगफली खराब होने पर विजिलेंस जांच

बैठक में वार्ड दो के पार्षद मोहित सिंघल ने अनाज मंडी में बरसाती पानी की निकासी नहीं होने से किसान की मूंगफली की फसल खराब होने का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि किसान की करीब 25 क्विंटल मूंगफली में से लगभग 11 क्विंटल ही बच सकी। मार्केट कमेटी के अधिकारियों ने कहा कि व्यापारी ने मूंगफली निर्धारित फड़ के बजाय सड़क पर डलवा दी थी। इस पर पार्षद ने सवाल उठाया कि यदि मंडी में पानी की निकासी की उचित व्यवस्था होती तो फसल को नुकसान से बचाया जा सकता था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मेयर प्रवीण पोपली सहित पूरे सदन ने विजिलेंस जांच करवाने का प्रस्ताव पारित किया। जांच के जरिए मामले के विभिन्न पहलुओं और जिम्मेदारी की पड़ताल की जाएगी।

लोन का झांसा देकर खुलवाया बैंक खाता, चार काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

- म्यूल बैंक खातों के जरिए ठगी का मामला, चार मोबाइल और 19 सिम कार्ड बरामद

लोन दिलाने का झांसा देकर महिला का बैंक खाता खुलवाने और उसे साइबर ठगी में इस्तेमाल करने के मामले में हांसी साइबर क्राइम थाना पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल फोन और 19 सिम कार्ड बरामद किए हैं। अदालत में पेश करने के बाद चारों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, हांसी निवासी महिला ने शिकायत दी थी कि उसकी जान-पहचान सरोज नामक महिला से थी। सरोज ने उसे लोन दिलाने का भरोसा देकर जनवरी में बैंक खाता खुलवाया। इसके बाद बैंक खाते की किट, एटीएम कार्ड और पासबुक अपने पास रख ली। महिला को न तो लोन मिला और बाद में सरोज ने उसका फोन उठाना भी बंद कर दिया। खाते से हुआ साइबर ठगी की रकम का लेन-देन जांच में सामने आया कि महिला के नाम पर खोले गए बैंक खाते का इस्तेमाल साइबर ठगी की रकम के लेन-देन में किया गया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए चानौत निवासी दीपक और बिंटू सिंह तथा उत्तरकाशी पैंगढ निवासी सुरेंद्र सिंह तथा उत्तरकाशी के टिपरी निवासी रितिक को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने आमजन से अपील की है कि लोन या अन्य लालच में अपना बैंक खाता खुलवाकर उसकी किट, एटीएम कार्ड, पासबुक या सिम कार्ड किसी अन्य व्यक्ति को न सौंपें।

सेक्टर 33 में 62 लाख रुपये से जगमगाएंगे 11 चौराहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर के सेक्टर 33 में नागरिक सुविधाओं के विस्तार और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को आधुनिक बनाया जा रहा है। रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के लगातार प्रयासों के बाद सेक्टर के 11 प्रमुख चौराहों पर 680 वॉट क्षमता की 11 मीटर ऊंची हाई-मास्ट सोलर लाइटें लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आरडब्लयूए प्रधान धर्मवीर पन्नू ने बताया कि सेक्टर को रोशन करने के इस प्रोजेक्ट के लिए 62 लाख रुपये का टेंडर स्वीकृत किया गया है। यह टेंडर हिसार की एनडी इलेक्ट्रिक कंपनी को अलॉट हुआ है। संबंधित अधिकारियों के अनुसार, लाइटें लगाने का काम जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। प्रधान धर्मवीर पन्नू ने आगे बताया कि चौराहों के अलावा सेक्टर के 9 पार्कों को भी सोलर लाइटों से रोशन करने की योजना पर काम चल रहा है। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया 4 सितंबर से प्रारंभ कर दी गई है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही पार्कों में सोलर लाइटें लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा।



हिसार। हाई-मास्ट सोलर लाइटें लगाने का कार्य शुरू।

नशा सप्लाई करने वाला मुख्य आरोपी सतीश गिरफ्तार

- दो मामलों में वाणिज्यिक मात्रा में 11 हजार 550 अल्प्राजोलम टैबलेट व तीसरे मामले में 150 टैबलेट हुई थीं बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नशीली गोलियों की सप्लाई से जुड़े मुख्य आरोपी महाबीर कॉलोनी निवासी सतीश को गिरफ्तार किया है। आरोपी तीन अलग-अलग मामलों में वांछित था। पुलिस के अनुसार, इन मामलों में कुल 11 हजार 700 प्रतिबंधित अल्प्राजोलम टैबलेट बरामद की गई थीं। इनमें दो मामलों में वाणिज्यिक मात्रा में गोलियां पकड़ी गई थीं, जबकि तीसरे मामले में 150 टैबलेट बरामद हुई थीं।

पुलिस के अनुसार, पहले मामले में एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने महाबीर कॉलोनी निवासी शालू को 9420 प्रतिबंधित अल्प्राजोलम टैबलेट, जिनका कुल वजन 942 ग्राम था, के साथ गिरफ्तार किया था। इस संबंध में एचटीएम थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। दूसरे मामले में सीआईए मिल गेट की टीम ने चंदन नगर निवासी भगवती को 2130 अल्प्राजोलम टैबलेट के साथ गिरफ्तार किया था। इन गोलियों का कुल वजन 377.01 ग्राम था। इस मामले में सदर थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था। तीसरे मामले में एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने चंदन नगर निवासी जोगिन्द्र सिंह को 150 प्रतिबंधित अल्प्राजोलम टैबलेट के साथ गिरफ्तार किया था। इनका कुल वजन 15 ग्राम 300 मिलीग्राम था। इस संबंध में शहर थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था।



हिसार। पकड़ा गया मुख्य आरोपी सतीश।

रिमांड पर लेकर सप्लाई नेटवर्क की होगी जांच

इन तीनों मामलों में नशीली गोलियों की सप्लाई से जुड़े आरोपी सतीश की तलाश की जा रही थी। अब गिरफ्तारी के बाद पुलिस यह पता लगाने का प्रयास करेगी कि नशीली गोलियां कहां से लाई जाती थीं, उनकी सप्लाई किन लोगों तक की जाती थी और इस नेटवर्क में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं।

तलवंडी राणा गांव को मिलेगी हिसार और धांसू रोड से सीधी कनेक्टिविटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



- हिसार-धांसू रोड से जुड़ेगा गांव, 26.91 करोड़ से बनेगी 2.3 किमी लंबी नई सड़क

जिले के गांव तलवंडी राणा के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा देने के लिए प्रदेश सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। गांव को हिसार-धांसू रोड से जोड़ने के लिए 26 करोड़ 91 लाख 71 हजार रुपये की लागत से 2.300 किलोमीटर लंबी नई सड़क के निर्माण को प्रशासनिक मंजूरी मिल गई है। यह नई सड़क हिसार-धांसू रोड पर स्थित बोटलिंग प्लांट के पास से शुरू होकर गांव तलवंडी राणा तक जाएगी। लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि हिसार एयरपोर्ट के विस्तार के कारण पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग-65 के रास्ते गांव तलवंडी राणा की सीधी कनेक्टिविटी प्रभावित हो गई थी। इसके बाद ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए वैकल्पिक मार्ग की संभावनाओं पर गंभीरता से विचार किया गया। यह नया प्रस्तावित मार्ग हिसार-धांसू रोड और पुराने एनएच-65 के नेटवर्क के बीच सीधा संपर्क उपलब्ध करवाएगा, जिससे ग्रामीणों को हिसार शहर आने-जाने में सुगम रास्ता मिलेगा।

बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी : रणबीर गंगवा

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि प्रस्तावित मार्ग हिसार-धांसू रोड और पुराने एनएच-65 के नेटवर्क के बीच वैकल्पिक संपर्क उपलब्ध करवाएगा। इससे गांव के लोगों को हिसार शहर की ओर आने-जाने के लिए बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने और लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

डीआईजी एसटीएफ ने कानून व्यवस्था संबंधी तैयारियों का लिया जायजा

पुलिस कंपनियों का निरीक्षण कर दिए जरूरी निर्देश

कानून व्यवस्था से जुड़ी ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए: सुरेंद्रपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस की तैयारियों को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डीआईजी एसटीएफ सुरेन्द्र पाल ने पुलिस की कानून व्यवस्था संबंधी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी सिद्धांत जैन के साथ बैठक कर जिले की वर्तमान कानून व्यवस्था, पुलिस बल की तैयारियों और आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। बैठक में हिसार पुलिस के सभी पर्यवेक्षण अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के बाद डीआईजी एसटीएफ सुरेन्द्र पाल ने जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात पुलिस कंपनियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों की तैनाती, उनकी तैयारियों, ड्यूटी में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों और उपलब्ध अन्य संसाधनों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कानून व्यवस्था से जुड़ी ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। डीआईजी सुरेन्द्र पाल ने पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान सतर्कता, अनुशासन और आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।



हांसी। पुलिस अधिकारियों के साथ एसपी कार्यालय में कानून व्यवस्था की समीक्षा करते डीआईजी सुरेंद्रपाल। फोटो: हरिभूमि

डीआईजी ने एसपी की मौजूदगी में कानून व्यवस्था की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

डीआईजी एसटीएफ हरियाणा सुरेन्द्र पाल ने मंगलवार को एसपी कार्यालय में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान अपराधों की रोकथाम, शांति व्यवस्था बनाए रखने और पुलिस बल की कार्यक्षमता बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक में एसपी विनोद कुमार भी मौजूद रहे।

बैठक के बाद डीआईजी ने पुलिस कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस जवानों की मॉक ड्रिल करवाकर दंगा नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन की तैयारियों को परखा गया। जवानों ने दंगा नियंत्रण किट पहनकर व्यावहारिक अभ्यास किया। किट में बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, कैन शील्ड सहित अन्य सुरक्षा उपकरण शामिल रहे। मॉक ड्रिल के दौरान जवानों को भीड़ नियंत्रित करने, सुरक्षा घेरा बनाने और संवेदनशील परिस्थितियों में अनुशासन के साथ कार्रवाई करने का अभ्यास करवाया गया। डीआईजी ने कहा कि चुनौतीपूर्ण हालात में त्वरित प्रतिक्रिया, आपसी तालमेल और संयम बेहद जरूरी हैं। नियमित प्रशिक्षण से पुलिस बल की तैयारी और पेशेवर क्षमता मजबूत होती है। बैठक में पुलिस कर्मचारियों के कल्याण से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई और उनके सुझाव लिए गए।



90 के दशक की यादें ताजा कर रहा सूर्या का 'सुनियो जरा'

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ रही है। फिल्म के मेकर्स ने मंगलवार सुबह इसका नया गाना 'सुनियो जरा' रिलीज कर दिया है। इस गाने की खास बात यह है कि इसे हिंदी संगीत जगत के दिग्गज गायक उदित नारायण और कुमार सानू ने अपनी आवाज दी है। उनके साथ अनुपम अमोद भी इस म्यूजिकल कोलैबोरेशन का हिस्सा हैं। दोस्ती और पुराने रिश्तों की गर्माहट को समर्पित यह गाना सुनने वालों को भावुक करने के साथ-साथ 90 के दशक की पुरानी यादों में ले जाने की कोशिश करता है। यह फिल्म 20 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

लाइफ Style

सैयामी

इंटरनेशनल फिल्म में निभाएंगी किरदार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब खबर आ रही है कि सैयामी आने वाले समय में विदेशी सिनेमा में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरती हुईं नजर आएंगी। कलाकार को कुछ न कुछ नया करते रहना चाहिए। इसी दिशा में अभिनेत्री सैयामी खेर अपने कॅरियर में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही हैं। वह निर्देशक मैक्सिम कुजनेत्सोव की आगामी इंडो-रूसी ड्रामा फिल्म से अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में कदम रखेंगी। इस फिल्म में भारत और रूस के कलाकार व क्रिएटिव टीम के सदस्य साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की कहानी ड्रामा पर आधारित है, जो सिनेमा के जरिए दो अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास करेगी।

भारत और रूस में शूट हुई इस फिल्म के दौरान सैयामी को एक नए सिनेमाई माहौल में काम करने का अवसर मिला। विदेशी क्रू के साथ काम करने का उनका पहला अनुभव था। सैयामी कहती हैं- उनके साथ काम करना शानदार अनुभव था। रूस में शूटिंग हुई है, जहां मैं पहली बार गई थी। मास्को बेहद खूबसूरत शहर है। वहां काम करने का माहौल मेरे अब तक के अनुभवों से काफी अलग था। उम्मीद है कि यह मेरे लिए ऐसे कई और अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट का पहला कदम साबित होगा।

सुपरस्टार अक्षय कुमार की फिल्म हैवान को बीते महीने सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म फ्लॉप रही, लेकिन उसमें नजर आने वालीं अभिनेत्री सैयामी खेर ने अपनी अदाकारी से सबका दिल जीता था।



हॉलीवुड मसाला



नहीं मिल रहीं गॉडजिला को स्क्रीनिंग

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की सुपरहिट फिल्म रामायण पार्ट 1 की वजह से हॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी वाली फिल्म गॉडजिला को भारत में रिलीज करने का इरादा मेकर्स को टालना पड़ा है। 6 नवंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने जा रही गॉडजिलाः माइनस जीरो' की रिलीज डेट को मेकर्स आगे खिसकाने की प्लानिंग कर रहे हैं। रणबीर कपूर की माइथोलॉजिकल फिल्म रामायणम पार्ट 1 दीपावली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ठीक उसी समय पर गॉडजिलाः माइनस जीरो भी आ रही है।



वरुण व कृति डब करेंगे ऑब्सेशन का हिंदी वर्जन

नई दिल्ली। अभिनेता वरुण धवन और कृति सेन हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' के हिंदी वर्जन से जुड़े हैं। दोनों सितारे इसके हिंदी वर्जन में मुख्य किरदारों को अपनी आवाज देंगे। यह फिल्म बेयर नाम के एक म्यूजिक स्टोर वर्कर की कहानी है, जिसे अपनी कलीग निक्की से प्यार हो जाता है। उसकी जिंदगी में एक बुरा मोड़ तब आता है, जब वह 'वन विश विलो' नाम के एक अजीब खिलौने का इस्तेमाल करके उसे अपने प्यार में डाल देता है। हालांकि, उसकी इस इच्छा से कुछ अनचाही और डरावनी घटनाएं होती हैं, क्योंकि निक्की उसके लिए और ज्यादा ऑब्सेस्ड हो जाती है। कृति सेनन ने कहा कि उन्हें कहानी पसंद आई और उन्हें यह रोल काफी उत्साहित करने वाला लगा, साथ ही चैलेंजिंग भी।



30 को आएगा श्रद्धा की ईठा का ट्रेलर...

नई दिल्ली। श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इससे पहले मेकर्स ने इस फिल्म के ट्रेलर के रिलीज डेट को लेकर जानकारी दी है। हाल ही में जारी हुए फिल्म के टीजर में श्रद्धा कपूर का शानदार लुक देखने को मिला था। अभिनेत्री अपने डांस से दर्शकों को अपना दीवाना बानाने वाली हैं। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो क्लिप शेयर की है। इसमें देखा जा सकता है कि गांव का माहौल है। बहुत से लोग रात के वक्त जमा हुए हैं। इन लोगों के बीच में एक महिला खड़ी है। उसके आस-पास सभी लोग जोर-जोर से ईठा-ईठा के नारे लगा रहे हैं। वीडियो क्लिप के बैकग्राउंड का संगीत अच्छा समा बांध रहा है। श्रद्धा कपूर ने वीडियो क्लिप शेयर करते हुए लिखा, 'बिखरेगा जलवा इस शुक्रवार।



'लॉन्ग...' में साथ नजर आएंगे सैफ-विद्या

मुंबई। अभिनेता सैफ अली खान और विद्या बालन जल्द ही एक नई फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। 'द लंचबॉक्स' जैसी चर्चित फिल्म बना चुके डायरेक्टर रितेश बत्रा अपनी अगली फिल्म 'लॉन्ग इयर्स अगो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को जियो स्टूडियोज का साथ मिला है, जिसकी कमान ज्योति देशपांडे संभाल रही हैं। ज्योति इससे पहले फिल्म 'धुरंधर' के प्रोडक्शन से भी जुड़ी रही हैं। इस फिल्म में सैफ और विद्या के साथ फ्रेंच एक्ट्रेस मेलानी लॉरेंट भी अहम भूमिका निभाएंगी। यह एक फैमिली कॉमेडी-ड्रामा फिल्म होगी, जिसकी कहानी साल 1991 में सेट की गई है। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग मुंबई में की जाएगी। बता दें कि अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री विद्या बालन इससे पहले साल 2005 में आई फिल्म 'परिणीता' और 'एकलव्यः द रॉयल गार्ड' में साथ काम कर चुके हैं।

टीवी मसाला

बिग बॉस से बाहर होते ही मैरी कॉम ने खोली सबकी पोल!

नई दिल्ली। कलर्स टीवी के बहुचर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' में भारत की स्टार बॉक्सर मैरी कॉम का सफर खत्म हो गया। घर से एविक्ट होने के बाद मैरी कॉम ने एक बातचीत में बिग बॉस के घर के अंदर बीते दिनों, कंटेस्टेंट्स के असली चेहरों और खुद पर उठे सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए हैं। माही को मैरी कॉम ने घर का सबसे बड़ा दिमाग और मास्टरमाइंड बताया। काजी को मैरी कॉम ने इस टैग के लिए चुना और कहा कि माही और काजी का कनेक्शन काफी गहरा है। मैरी कॉम ने बिना सोचे अरिश्फा का नाम लिया और कहा कि वह कैमरा और फुटेज के लिए सबसे ज्यादा नाटक करती है। मैरी कॉम ने आसिफ खान को घर का सबसे 'दोगला' सदस्य बताया। मैरी कॉम के मुताबिक घर में गुल्लू की दोस्ती सबसे सच्ची लगती है। मैरी कॉम का मानना है कि अमपाली दुबे और माही में विनर बनने की क्वालिटी है क्योंकि दोनों खेल को दिमाग से खेल रही हैं.भविष्य में फिर से किसी रियलिटी शो में जाने के सवाल पर मैरी कॉम ने मुस्कुराते हुए कहा कि वे इस पर विचार करेंगी. उन्होंने अपने तमाम फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि बिग बॉस के सफर में मिले प्यार के लिए वे हमेशा आभारी रहेंगी। 28 सालों तक रिंग में देश का नाम रोशन करने वाली मैरी कॉम ने बताया कि टेलीविजन का यह अनुभव उनके खेल जीवन से बिल्कुल अलग था और वे यहां सिर्फ एक नया अनुभव हासिल करने आई थीं। उन्होंने कहा, मैं एक स्पोर्ट्सपर्सन हूं और मैंने पिछले 20 सालों में देश के लिए काफी योगदान दिया है। लेकिन टेलीविजन और इस तरह के रियलिटी शोज का मुझे कोई अनुभव नहीं था। ब्रांड्स के शूट तो कुछ घंटों के होते हैं, पर 24 घंटे कैमरों के बीच रहना और शो को प्रमोट करना बिल्कुल अलग अनुभव है।



2 कंटेस्टेंट्स ने पार की हदें, सौरव गुस्से से हुए लाल

नई दिल्ली। रिएलिटी शो बिग बॉस एक ऐसा शो है, जो देश में इस वक्त करीब 6 भाषाओं में चल रहा है। इसका हिंदी वर्जन सबसे ज्यादा हिट है, जिसे सलमान खान होस्ट करते हैं। वहीं बिग बॉस को एक बार फिर सौरव गांगुल होस्ट कर रहे हैं। पर बिग बॉस बांग्ला में इस बार दो कंटेस्टेंट्स ने ऐसी हदें पार की हैं, कि इसकी चर्चा पूरे देश में होने लगी। फैमिली शो में दो कंटेस्टेंट्स के इंटिमेट होने पर शो के होस्ट सौरव गांगुली का पारा सातवें औसमान पर पहुंच गया और दोनों को लास्ट वार्निंग दे डाली। बिग बॉस बांग्ला के कई वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। ये वीडियो राजवीर डे और नंदिनी गुप्ता के हैं। वीडियो में दिख रहा है कि राजवीर और नंदिनी सैकड़ों कैमरो के बीच भी कभी लिप लॉक कर रहे हैं तो कभी एक-दूसरे के साथ इंटिमेट हो रहे हैं। दोनों का ये रोमांस इंटरनेट पर आग की तरह फैल गया है और लोग सवाल पूछ रहे हैं कि फैमिली शो में ये सब कैसे हो रहा है।



बहन की मौत का रहस्य सुलझा रहीं शनाया

मुंबई। बड़े पर्दे के बाद अब 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर'की दुनिया ओटीटी पर आ गई है। करण जौहर ने अपनी इस फिल्म को वेब सीरीज के तौर पर बनाया है, जिसका नाम 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' रखा गया है। जियो हॉटस्टार की इस सीरीज में शनाया कपूर लीड रोल में नजर आ रही हैं और मंगलवार को इस सीरीज का पहला ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'स्टूडूटेंट ऑफ द ईयर- आफ्टर डार्क' में शनाया कपूर अपनी बहन (आयशा मलिक) की रहस्यमयी मौत का राज़ पता करने की कोशिशों में लगी हैं। 1 मिनट 50 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि शनाया बहन की मौत की वजह से जानने के लिए हर हाद पार करने को तैयार है। इसमें शनाया की मां का किरदार शीबा चड्ढा ने निभाया है। शनाया ने सीरीज में डबल रोल निभाया है। यानी सीरीज में वो जुड़वा बहनों के किरदार में दिखाई देंगी। ट्रेलर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि शनाया कपूर की बहन आयशा मलिक की लाश बर्फ से एक जमें बाराखली झील से मिलती है। मौत हादसा थी या हत्या? इसका पता करने के लिए शनाया खुद ही



सेंट टेरेसा हेरिटेज स्कूल पहुंच जाती हैं। वहां उनकी मुलाकात अलग अलग किरदारों से होती है। एक बेस्ट फ्रेंड जो आयशा से जलती थी. वो खुद को आयशा की बहन जैसा मानती है, लेकिन हादसे वाली रात उसे अकेला छोड़ दिया था। फिर शनाया की मुलाकाज आयशा के रिजेक्टेड लवर से होती है, जो खुद को उसका बेस्ट फ्रेंड बताता है। फिर रूम मेट से मिलती हैं जो साइको है और आयशा से नफरत करती थी. और एक बॉयफ्रेंड, जो कुछ ज्यादा ही परफेक्ट है।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर गोंधल का धांसू ट्रेलर रिलीज मन में छिपे सच को लेकर छोड़ती है कई सवाल

नई दिल्ली। संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' 13 नवंबर को सात भाषाओं- हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और अंग्रेजी में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह एक ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि पहली बार किसी मराठी फिल्म को वर्ल्डवाइड लेवल पर सात भाषाओं में दोबारा रिलीज किया जा रहा है। फिल्म भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, दुबई और अफ्रीका सहित कई क्षेत्रों में रिलीज होगी। 99वें अकादमी पुरस्कारों के लिए भारत की ऑफिशियल एंट्री संतोष दावखर की फिल्म 'गोंधल' का ग्लोबल ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर की एक प्रभावशाली झलक पेश करता है। भव्य सीन, सांस्कृतिक परिवेश और रहस्य की परतों में बुनी कहानी फिल्म की उस बेचैन कर देने वाली दुनिया की ओर संकेत करती है, जिसने इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर चर् छेड़ दी है।



क्या है गोंधल की कहानी?

महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत की पृष्ठभूमि पर आधारित 'गोंधल' सुमन नाम की लड़की की कहानी है जो नवविवाहिता है और अपनी शादीशुदा जिंदगी में खुश नहीं है। सुमन के घर में पारिवारिक परंपरा के अनुसार देवी की आराधना का पारंपरिक लोक अनुष्ठान गोंधल चल रहा होता है और फिर कहानी में मोड़ तब आता है जब गोंधली कलाकार से सुमन की नजदीकियां बढ़ने लगती है। वह अपनी बोरिंग शादीशुदा जिंदगी से बाहर निकलना चाहती है। एक रात में चल रही इस कहानी में लालच, धोखा, हेरफेर, रिश्तों की कड़वाहट का ऐसा जाल बनता है कि एक तरफ भक्ति चल रही होती है और एक तरफ अन्य किरदार अपनी दबी हुई इच्छाओं, डर, वासना और स्वार्थ से जूझते हैं। ट्रेलर अपने रहस्यमय सीन्स और ऐसे रिश्ते की झलकियों के जरिए उत्सुकता बढ़ाता है, जो निजी इच्छाओं और गहरे दायित्वों के बीच फंसा हुआ है। यह कहानी दर्शकों के मन में परत के नीचे छिपे सच को लेकर कई सवाल छोड़ जाती है।

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार निभाया था सरिता ने

200 से ज्यादा फिल्मों में काम, फिर भी नहीं मिली पहचान

नई दिल्ली। रामानंद सागर की रामायण के हर एक किरदार को देशभर में पहचान मिली थी। आज हम आपको रामायण के एक ऐसे किरदार के बारे में बता रहे हैं जो केवल एक एपिसोड में थीं, लेकिन उन्हें भी इस सीरियल ने असल मायनों में पहचान दिलाई।



कौन थीं शबरी?

हम जिस किरदार की बात कर रहे हैं उनका नाम है शबरी। शबरी की बात करें तो वो भगवान राम की सबसे बड़ी भक्त कही जाती हैं। वनवास के दौरान भगवान राम अपनी सबसे बड़ी भक्त से मिले थे। ऐसी कथाएं प्रचलित हैं कि जब भगवान राम आए तो शबरी ने उन्हें बेर खिलाए थे। बेर खट्टे न हों, ये देखने के लिए शबरी पहले खुद बेर चखती थीं और फिर वही भगवान राम को खिलाती थीं।

1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी

रामानंद सागर की रामायण में शबरी का किरदार एक्ट्रेस सरिता देवी ने निभाया था। सरिता देवी राजस्थान से आती थीं। उन्होंने साल 1947 में अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर में 200 से ज्यादा फिल्में की थीं, लेकिन उन्हें किसी भी फिल्म से वो पहचान नहीं मिल पाई जो रामायण के एक एपिसोड ने उन्हें दिला दी थी।

कभी बनीं बुआ, कभी भाभी तो कभी चाची

उन्होंने कभी मेन लीड की रोल की मां का किरदार निभाया, तो कभी भाभी का तो कभी चाची का। सरिता ने फिल्म टैक्सी ड्राइवर में देव आनंद की मां का रोल निभाया था। 1953 में आई परिणीता में उन्होंने भाभी की भूमिका निभाई थी। आई मिलन की बेला में उन्होंने बुआ का किरदार निभाया था। 1955 में आई देवदास में उन्होंने पारो की दादी का रोल निभाया था और आए दिन बहार के में उन्होंने मौसी का किरदार निभाया था।

सरिता को हमेशा मिले सपोर्टिंग रोल

मीडिया में मौजूद जानकारी के मुताबिक, सरिता देवी का जन्म 23 नवंबर, 1925 को जोधपुर में हुआ था। वो राजस्थान की पहली कैरेक्टर एक्ट्रेस थीं। मात्र 22 साल की उम्र में सरिता ने अपने करियर की शुरुआत की थी। सरिता देवी ने अपने करियर की शुरुआत भले ही 22 साल की उम्र में की हो, लेकिन अपने इतने लंबे करियर में उन्हें केवल सपोर्टिंग रोल ही मिले।

बॉलीवुड के दिग्गजों के साथ किया काम

सरिता ने अपने करियर में अमिताभ बच्चन, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र, देवानंद, राजकपूर और मनोज कुमार जैसे कलाकारों के साथ काम किया। उन्होंने न केवल भारतीय फिल्मों के लिए काम किया बल्कि रूसी फिल्मों के लिए डबिंग भी की। सरिता को सात रूसी फिल्मों को हिन्दी में डब करने के लिए भी चुना गया था। रूसी फिल्म 'पेडेनिये बर्लिना' के लिए डायमंड पिक्चर्स की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया गया था।

12 साल की उम्र में हुई थी पहली शादी

सरिता की निजी जिंदगी में काफी दर्द रहा। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जाता है सरिता का बाल विवाह हुआ था। जब सरिता 12 साल की थीं तब उनकी शादी हो गई थी। हालांकि, शादी के दो महीने बाद ही उनके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद उन्होंने ड्रामा कंपनी के मालिक लालजी गोहिल से शादी की थी। इस शादी से उन्हें दो बेटे और एक बेटी हुई थी। लेकिन, साल 1990 में उनके दूसरे पति की भी मौत हो गई थी। पति के निधन के कुछ सालों बाद उनके बड़े बेटे ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया था। सरिता अब इस दुनिया में नहीं हैं। उन्होंने 78 साल की उम्र में आखिरी सांस ली थी। साल 2001 में पार्किंसन्स बीमारी के कारण सरिता का निधन हुआ था।



खबर संक्षेप

शब्दाक्षर ने राजेश को किया सम्मानित

हिसार। जागो मानव बनो इंसान संस्था के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता गंगापुत्र राजेश हिंदुस्तानी को राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर की ओर से भिवानी स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजेश हिंदुस्तानी ने मंच से अपनी कविताओं का पाठ किया। देश के विभिन्न हिस्सों से आए साहित्यकारों एवं कवियों ने उनकी कविताओं और समाजसेवा के प्रति समर्पण की सराहना की।

छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

नारनौंद। राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चोपटा में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं के लिए आयोजित छह दिवसीय कराटे एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में छात्राओं ने भाग लेकर आत्मरक्षा के गुर सीखे। छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला के दौरान छात्राओं को कराटे एवं आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा साहस और सतर्कता के साथ परिस्थितियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के समापन पर महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

मौन व्रत की समाप्ति पर आध्यात्मिक कार्यक्रम

हिसार। साध्वी रचना के 90 दिवसीय मौन व्रत की समाप्ति पर हिसार स्थित आश्रम में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाबा हिन्दुस्तानी ने मुख्य रूप से शिरकत की और उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, आध्यात्मिकता तथा मानवता का संदेश दिया। इस अवसर पर बाबा हिन्दुस्तानी ने कहा कि सभी धर्म समान हैं और परमात्मा एक है। प्रत्येक धर्म का मूल उद्देश्य मनुष्य को परमात्मा से जोड़ना, सदाचार की राह दिखाना और मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करना है।

टाउन पार्क में साहित्य चेतना मंच की काव्य गोष्ठी

हिसार। साहित्य चेतना मंच की मासिक काव्य गोष्ठी टाउन पार्क में बिजेंद्र तंवर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मंच का संचालन जय भगवान लाडवाल ने किया। इस मौके पर मास्टर कृष्ण इंदौरा चीफ गेस्ट के तौर पर पहुंचे थे। इस मौके पर कवि जयभगवान लाडवाल ने आतिशबाजी, बम, पटाखे इस दिवाली पर न चलाए, क्षणिक सुख की खातिर करोडों रुपये न उडाए, टनों भर धुंए के बादल पर्यावरण में न मिलाए, पर्यावरण के लिए पौधे लगाए दिवाली पर उपहार स्वरूप पौधे बांटे जाए कविता सुनाई। इस मौके पर राजेंद्र अग्रवाल, कृष्ण इदौरा, भीम सिंह हुड्डा, ऋषि सक्सेना, प्रताप सिंह, जेके कौशिक, राजेंद्र गुप्ता भी ने भी काव्य पाठ किया।

चीफ सुप्रिटेंडेंट के साथ सात मांगों पर बनी सहमति

हिसार। हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन की जिला कमेटी की राजकीय पशुधन फार्म के चीफ सुप्रिटेंडेंट के साथ बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। बैठक में कर्मचारियों की लंबित समस्याओं और मांगों पर चर्चा की गई। यूनियन के अनुसार, सात मांगों पर सहमति बनी। जिला प्रधान छबील दास मौलिया के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने मेडिकल बिलों का भुगतान, कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची तैयार करने, उन्हें स्थायी करने, एलटीसी व वर्दी भत्ते का भुगतान तथा बिजली और पेयजल की व्यवस्था सहित अन्य मांगें उठाईं। जिला सचिव जगसीर खेदड़ ने कहा कि उपनिदेशक क्षेत्र-तीन के कार्यालय में संबंधित अधिकारी की स्थायी नियुक्ति और वित्तीय शक्तियां न होने के कारण कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। दिवाली अग्रिम राशि, दूध के कूपन जारी करवाने, जीपीएफ से शादी के लिए ऋण लेने और 30 अक्टूबर को वेतन जारी होने को लेकर कर्मचारियों में चिंता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दो दिन में अधिकारी की नियुक्ति नहीं हुई तो कर्मचारियों को काली दिवाली मनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

जिला परिषद की साधारण बैठक में लिया फैसला

खाली पड़ी जमीनों को चिह्नित कर लीज-किराए पर दिया जाएगा

जिला परिषद की जमीनों और दुकानों से जल्द ही हटवाए जाएंगे अवैध कब्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार


गवर्निंग बॉडी की बैठक

जिला परिषद की खाली पड़ी जमीनों और दुकानों से आय बढ़ाने तथा उनका सही इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए उन्हें लीज या किराए पर दिया जाएगा। इसके साथ ही ऐसी संपत्तियों को खुली बोली के जरिए बेचने के विकल्प पर भी मंथन किया जाएगा। जिला परिषद की जमीनों और दुकानों से जल्द ही अवैध कब्जे भी हटवाए जाएंगे। मंगलवार को जिला परिषद सभागार में चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा की अध्यक्षता में आयोजित साधारण बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि सब्जी मंडी में जिला परिषद की कुल 76 दुकानें हैं, जिनमें से 29 दुकानें अब भी खाली पड़ी हैं। सदन ने इन दुकानों को लीज व किराए पर देने का प्रस्ताव पारित किया। इस पूरे मामले में अधिकारियों की एक टेक्निकल कमेटी गठित की जाएगी, जो अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंपेगी और उसी के आधार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। यह कमेटी अन्य जमीनों को चिह्नित कर कब्जा मुक्त भी करवाएगी। बैठक में जिला परिषद के बजट वितरण का पूरा अधिकार सर्वसम्मति से चेयरमैन को सौंपा गया। जिला परिषद सीईओ सुभाष चंद्र ने बताया कि बैठक में 9 एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों को लेकर जिला परिषद अध्यक्ष सोनू सिहाग ने संतुष्टि जाहिर की है। उन्होंने विकास कार्यों को और तेज गति से संपन्न कराने की हिदायत दी। बैठक डिप्टी सीईओ कीर्ति सिरोहीवाल, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह, पंचायती राज सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

सरपंच हुए करोड़ों के कर्जदार

बैठक में पार्षद प्रतिनिधि मनोज टाक ने हाउस को बताया कि मनरेगा का भुगतान नहीं हो रहा है। इसके कारण सरपंच करोड़ों के कर्जदार हो चुके हैं। हालात यह बन चुके हैं कि सरपंचों के विश्वास पर भट्ठे वालों ने ईंट तो दे दी, लेकिन पीछे से मनरेगा का भुगतान लटका पड़ा है। ऐसे में सरपंच आगे-आगे और भट्ठे वाले उनके पीछे-पीछे लगे हुए हैं। मनरेगा व सरपंचों की यह हालत चिंताजनक है।

बैठक में ये 10 प्रमुख प्रस्ताव हुए पारित

- नेशनल हाइवे से सटे गांवों में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को जमीन और पोर्टा केबिन उपलब्ध करवाए जाएंगे।
- जिले के प्रत्येक खंड के एक गांव में 'हरित शवदाह गृह' बनाए जाएंगे।
- जिला परिषद के विकास कार्यों के लिए ईंटों के रेट रिवाइज करवाने को लेकर सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा।
- जिला परिषद की दुकान नंबर 50 के अलॉटमेंट का प्रस्ताव मंजूर किया गया।
- जिला परिषद द्वारा किए गए विभिन्न मदों के खर्चों का अनुमोदन किया गया।
- जिला परिषद के बजट से स्वीकृत विकास कार्यों की कुल राशि का 1 प्रतिशत हिस्सा कंटीजेंसी मद में इस्तेमाल होगा।
- गांव पनिहार में सब हेल्थ सेंटर के निर्माण के लिए जमीन की एनओसी देने पर सहमति बनी।
- जिला परिषद भवन और परिसर में बेहतर सफाई के लिए सफाई कर्मचारियों के काम के घंटे बढ़ाए जाएंगे।
- निरंकारी भवन के पास स्थित जनता पार्क में जिला परिषद की जमीन पर वीटा बूथ खोलने की स्वीकृति दी गई।
- जिला परिषद के बजट वितरण का पूरा अधिकार सर्वसम्मति से चेयरमैन को सौंपा गया।


हिसार। जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए आयोजित बैठक में मौजूद गांव के गणमान्य व्यक्ति।

मय्यड़ गांव ने पेश की मानवता और भाईचारे की मिसाल

- 36 बिरादरी के लोगों ने जुटाए करीब 6 लाख रुपये
- बेसहारा बेटियों और जरूरतमंद युवक की मदद को बढ़ाए हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले के गांव मय्यड़ ने आपसी भाईचारे, सामाजिक एकजुटता और मानवता की मिसाल पेश की है। गांव में ट्रेन की चपेट में आने से तीन पशुपालकों की करीब 50 भेड़-बकरियों की मौत हो गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ। इस मुश्किल घड़ी में गांव की 36 बिरादरी के लोग पीड़ित पशुपालकों की मदद के लिए आगे आए। ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से करीब छह लाख रुपये एकत्रित किए, जिनमें से पांच लाख रुपये पीड़ित पशुपालकों को आर्थिक सहायता के रूप में दिए गए। किसान नेता जोगेंद्र मय्यड़ ने बताया कि घटना के बाद पशुपालकों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया। ऐसे में ग्रामीणों ने बैठक कर पीड़ित परिवारों की मदद करने का निर्णय लिया और सामूहिक प्रयासों से आर्थिक सहायता जुटाई। गांव के सरपंच प्रतिनिधि विकास ने बताया कि इस सामाजिक सहायता अभियान में मंत्री रणबीर गंगवा ने अपने निजी कोष से एक लाख रुपये का सहयोग दिया, जबकि जोगीराम सिहाग ने 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की।

यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर दीपा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, बलदेव भाखर, रणबीर मास्टर, अंकुश, बिजेंद्र, सत्यवान कड़वासरा, गंगा फौजी, मनदीप, गुल्लू, रामकुमार गुर्जर, रिंकू सैनी, सत्यवान कोहाड़, जिले वाल्मीकि, नरेंद्र दूत, रामनिवास नायक, सतीश धोबी, विनोद, दिलबाग, मास्टर पीटीआई शमशेर, नंबरदार दलवीर बिडासरा, जोगिंद्र, महावीर झोटेवाड़ा, ईश्वर, सतपाल आर्य, धर्मेंद्र पंडित, परमजीत सैनी, संदीप फौजी, सुंदर जांगड़ा और जॉनी सैनी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

जल संरक्षण और नवाचार से मजबूत होगी मत्स्य आधारित ब्लू इकोनॉमी : प्रो. काम्बोज

- नवीनीकृत फिशरीज एक्सटेंशन, इकोनॉमिक्स एंड स्टैटिस्टिक्स भवन का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार


हिसार। इकोनॉमिक्स एंड स्टैटिस्टिक्स भवन का उद्घाटन करते कुलपति।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में 'एक्वाफेस्ट-2026' के तहत 'विकसित भारत-2047 के लिए नवाचार, संरक्षण और ब्लू समृद्धि' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व उप महानिदेशक एवं महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के पूर्व कुलपति डॉ. एनएस राठौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति ने मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में लगभग 12 लाख रुपये की लागत से नवीनीकृत फिशरीज एक्सटेंशन, इकोनॉमिक्स एंड स्टैटिस्टिक्स भवन का उद्घाटन किया। काम्बोज ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में मत्स्य पालन की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। आधुनिक तकनीकों से मछली उत्पादन बढ़ाने में उपयोगी होगी।

एक नवंबर की महारैली में हिस्सा लेंगे लाखों कार्यकर्ता : चंद्रप्रकाश

- लोकतंत्र व मताधिकार की रक्षा के लिए की जा रही महारैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार


विधायक चंद्रप्रकाश

कांग्रेस पार्टी द्वारा नई दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को आयोजित की जाने वाली महारैली में प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन व विधायक चंद्रप्रकाश ने कार्यकर्ताओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी का विरोध करने एवं लोकतंत्र व मताधिकार की रक्षा के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिार्जुन खडगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व न्याययोद्धा राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली में वोट बचाओ-देश बचाओ महारैली का आयोजन किया जा रहा है। इस महारैली में प्रदेशभर से लाखों कार्यकर्ता पहुंचेंगे। विधायक चंद्रप्रकाश ने दावा किया वोट चोरी करके और मतदाता सूचियों में अनियमितताओं से स्पष्ट होता है लोकतंत्र व संविधान को आघात पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी व अन्य कई संगठन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग के लिए कई सप्ताह से प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन भाजपा सरकार ने इस संदर्भ में आंखें मूंद रखी हैं।

राखीगढ़ी की खुदाई से साबित हुआ, हम ही थे विश्व गुरुः धुम्मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद


नारनौंद। राखी गढ़ी में वाइस चेयरमैन धुम्मन सिंह ने किया निरीक्षण।

सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमच ने गांव राखीगढ़ी स्थित टीला नंबर तीन का निरीक्षण करते हुए कहा कि सरस्वती-सिंधु सभ्यता की खुदाई से यह पूरी तरह सिद्ध हो चुका है कि भारत प्राचीन काल से ही विश्व गुरु रहा है और हमने ही पूरी दुनिया को सभ्यता व विकास का रास्ता दिखाया है। वाइस चेयरमैन किरमच ने बताया कि हरियाणा की राखीगढ़ी विश्व की सभी पुरातात्विक साइटों में सबसे पुरानी है। यहां खुदाई के दौरान मिले अवशेषों से यह स्पष्ट हो गया है कि यह सभ्यता लगभग 8 से 10 हजार साल पुरानी है। उन्होंने बताया कि उस समय यहां के लोगों ने आधुनिक तरीके से सड़के, घर, रहन-सहन एडवांस कॉलोनी, शौचालय, पानी स्टोर करना, गहने, बर्तनों पर चित्रकारी, व्यापार करने का तरीका हमारे बुजुर्गों की देन है। पूरी दुनिया को हमारे बुजुर्गों ने हजारों साल पहले ही दिखा दिया था कि वह दुनिया के गुरु हैं। आज उसी तकनीक पर कार्यों को आगे बढ़ा जा रहा है।

स्वास्थ्य और अध्यात्म प्रयोगशाला में अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान सम्मानित

- प्रत्येक मनुष्य की मूल आकांक्षा सुख प्राप्त करना : डॉ. दीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार


हिसार। अंजनी खारियावाला को सम्मानित करते आयोजक।

अग्रसेन भवन ट्रस्ट की ओर से आयोजित स्वास्थ्य एवं अध्यात्म प्रयोगशाला के पांचवें दिन साधकों को ध्यान, आत्मचिंतन और आंतरिक आनंद के महत्व से अवगत कराया गया। इस दौरान मेरठ स्थित आईएएसएस की सर्वोच्च अध्यात्म प्रमुख डॉ. श्यामा दीदी ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य की मूल आकांक्षा सुख प्राप्त करना है। विडंबना यह है कि मनुष्य बाहरी संसार में सुख खोजता रहता है, जबकि स्थायी आनंद का वास्तविक स्रोत उसके भीतर है। इस अवसर पर बदरी नारायण सेवाग्राम, मेरठ से आए डॉ. गोपाल शास्त्री ने साधकों के स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों के उत्तर दिए और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। पुणे से आईं ज्योति माहोरकर ने भी अपने साधना संबंधी अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. गोपाल शास्त्री और एडवोकेट सत्यनारायण शर्मा ने अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला को शॉल ओढ़ाकर और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

गुजवि में कॉर्पकनेक्ट सप्ताह 2.0 के तहत 25 शिक्षकों के साथ 126 छात्रों ने लिया हिस्सा

विद्यार्थियों में होने चाहिए अच्छे संस्कार : प्रो. विजय

छात्रों ने 187 कपंनियों के प्रतिनिधियों के साथ किया संवाद, जानी अवसरों की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार


हिसार। कॉर्पकनेक्ट सप्ताह 2.0 के अंतर्गत औद्योगिक दौरों के लिए रवाना होते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के कंपनी कनेक्ट क्लब की ओर से कॉर्पकनेक्ट सप्ताह 2.0 का आयोजन किया गया। इस पहल के तहत 126 विद्यार्थियों ने 25 प्राध्यापकों के साथ विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का दौरा किया और 187 कंपनियों के प्रतिनिधियों से संवाद कर रोजगार, इंटर्नशिप तथा उद्योग आधारित प्रशिक्षण के अवसरों की संभावनाएं तलाशीं। विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के सेमिनार हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में कुलपति प्रो. विजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिंदल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, के मानव संसाधन प्रमुख विकास प्रधान विशिष्ट अतिथि रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने की। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता के साथ अच्छे संस्कार, नैतिक मूल्य, अनुशासन, ईमानदार आचरण और दूसरों के प्रति सम्मान की भावना भी विकसित करनी चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य केवल कुशल पेशेवर तैयार करना नहीं, बल्कि मजबूत चरित्र वाले जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है, जो देश की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करें। विशिष्ट अतिथि विकास प्रधान ने विद्यार्थियों को व्यावसायिक विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

40 सदस्यीय स्वयंसेवक दल की सराहना की

प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट के सहायक निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह ने पहल को सफल बनाने में 40 सदस्यीय विद्यार्थी स्वयंसेवक दल के समन्वित प्रयासों की सराहना की। इस दल का नेतृत्व कार्यक्रम समन्वयक अंकित यादव ने किया। संयुक्त समन्वयक उपेन और जाह्नवी तथा मार्गदर्शक लोकेश ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वयंसेवक दल में डेटा एक्सप्लोरेशन टीम की प्रमुख राशि, डेटा प्रबंधन टीम की प्रमुख साक्षी, आउटरीच टीम की प्रमुख हिमानी और मीडिया टीम के प्रमुख अरविंद शामिल रहे। सम्मान समारोह का संचालन साहिल और राशि ने किया।

न्यूज डायरी



आक्रोश रैली में जुटेंगे हजारों कर्मचारी : सकसं

हिसार। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की ब्लॉक हिसार इकाई की कन्वेंशन धर्मशाला में ब्लॉक प्रधान राजेश बागड़ी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कन्वेंशन का संचालन ब्लॉक सचिव जय कुमार सिवाच ने किया। इसमें 12 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया गया। कृष्ण नैन ने कहा कि समान काम-समान वेतन, सरकारी महकमों के निजीकरण पर रोक, आठवें वेतन आयोग को लागू करवाने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, ऑनलाइन तबादला नीति में सुधार तथा केंद्र सरकार द्वारा रोके गए 18 महीने के महंगाई भत्ते (डीए) के भुगतान जैसे मुद्दों को लेकर आक्रोश रैली आयोजित की जा रही है।



कॉमर्स केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं : चेयरमैन

हिसार। भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज के कॉमर्स विभाग की ओर से छात्राओं के ज्ञान, आत्मविश्वास और विषय के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के चेयरमैन भारत भूषण प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कॉमर्स केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यावहारिक समझ और कौशल से जुड़ा विषय है। महाविद्यालय की डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में कॉमर्स विषय के प्रति रुचि विकसित करना और उनके ज्ञान में वृद्धि करना है।



शतरंज प्रतियोगिता में आकाश सदन ने मारी बाजी

हिसार। महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल, भिवानी रोहिल्ला में अंतर-सदनीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ नीलम प्रभा ने शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष भारत भूषण प्रधान ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।प्रतियोगिता में चारों सदनों के कुल 20 खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी बौद्धिक क्षमता, रणनीतिक कौशल तथा खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों के बीच आकाश सदन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, वायु सदन के वर्धन, आकाश सदन के पार्थ और पृथ्वी सदन के समर ने अपने बेहतरीन खेल से सभी का ध्यान आकर्षित किया।



'भारत को जानो' में गायत्री विद्या मंदिर दोनों वर्गों में प्रथम

हांसी। भारत विकास परिषद हांसी की ओर से सोमवार को बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में भारत को जानो प्रतियोगिता एवं गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के सीनियर और जूनियर दोनों वर्गों में गायत्री विद्या मंदिर ने प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम में 28 स्कूलों की 54 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी मनोज गर्ग ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं की जानकारी मिलने के साथ सामान्य ज्ञान बढ़ाने का अवसर मिलता है। विशिष्ट अतिथि गांव ढाणी कुम्हारन के सरपंच अनूप वर्मा और बाबा बंदा बहादुर शिक्षा समिति के अध्यक्ष राम प्रकाश परुथी ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में शाखा हांसी के कार्यों की सराहना की।

न्यूज डायरी



आरडीएम के छात्रों ने किया शेरगढ़ फार्म का भ्रमण

उकलाना। आरडीएम स्कूल के विद्यार्थियों ने मंगलवार को स्कूल चेयरमैन डॉ. के.सी. शर्मा के साथ रोहतक स्थित शेरगढ़ फार्म हाउस का भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ मनोरंजन और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया और अपने सहपाठियों के साथ यादगार पल बिताए। इस दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। स्कूल चेयरमैन डॉ. के.सी. शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किताबी शिक्षा के साथ-साथ मनोरंजक एवं व्यावहारिक गतिविधियां भी आवश्यक हैं।



नारनौंद नगर में आरएसएस के पथ संचलन का आयोजन

नारनौंद। भगवान वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष में नारनौंद नगर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयं सेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासन, एकता एवं संगठनात्मक भावना का परिचय देते हुए पथ संचलन में भाग लिया। पथ संचलन का शुभारंभ निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हुआ। घोष की धुन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते स्वयंसेवकों ने अनुशासन एवं सामूहिकता का परिचय दिया। पथ संचलन नगर के राजकीय माडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से प्रारंभ होकर आसन चौक, खांडा मोड़ व पुराना बस स्टैंड से गुजरते हुए वापस स्कूल में समापन किया गया। इस दौरान पथ संचलन का नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर विभाग संपर्क प्रमुख बिजेंद्र सिंह, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी जगबीर लोहान तथा नारनौंद बार एसोसिएशन के प्रधान प्रदीप लोहान ने मुख्य अतिथि के तौर उपस्थित थे।

शॉर्ट सर्किट से लकड़ी की दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

पड़ोसियों के फोन से मिली आग लगने की सूचना, दमकल ने पाया काबू

- जींद चौक से लकड़ी के फट्टे लेने गया था दुकानदार

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

जगदीश कॉलोनी में मंगलवार को बिजली के शॉर्ट सर्किट के चलते लकड़ी की एक दुकान में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में रखी लाखों रुपये की लकड़ी, औजार और तैयार खिड़की-दरवाजे जलकर राख हो गए। घटना से दुकानदार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जल चुका था।

दुकान से बाहर गया पीछे से लगी आग

जगदीश कॉलोनी निवासी दुकानदार जगदीश ने बताया कि वह दुकान पर खिड़की-दरवाजे और लकड़ी से संबंधित अन्य सामान तैयार करने का काम करता है। इसी काम से होने वाली आमदनी से वह अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। मंगलवार दोपहर वह दुकान पर मौजूद था। इसी दौरान बिजली चली गई तो वह जींद चौक स्थित एक दुकान से लकड़ी के फट्टे लेने चला गया। जगदीश के अनुसार, वह अभी वहां पहुंचा ही था कि पड़ोसी दुकानदारों का फोन आया कि उसकी दुकान में आग लग गई है। सूचना मिलते ही वह तुरंत वापस लौटा और दमकल विभाग को भी फोन किया। मौके पर पहुंचने पर उसने देखा कि दुकान में आग लगी हुई थी और आसपास के दुकानदार पाइप, बाल्टियों व अन्य साधनों से आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे।



हांसी। दुकान में आग लगने के बाद जला पड़ा सामान। फोटो: हरिभूमि



बरवाला। आग से जला घर में रखा घरेलू सामान। फोटो: हरिभूमि

शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लगने की आशंका

दुकानदार ने बताया कि दुकान में बिजली के खंभे से आने वाले तार में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लगने की आशंका है। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकल कर्मियों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान में रखी लकड़ी, औजार और तैयार खिड़की-दरवाजे जलकर राख हो चुके थे। दुकान में आग लगने से जगदीश को लाखों रुपये का नुकसान होने की बात सामने आई है।

खेदड़ में किसान के घर में अचानक लगी आग, लाखों का नुकसान

बरवाला। गांव खेदड़ में एक किसान सुरेंद्र के घर में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि मकान में रखा लाखों रुपये का घरेलू सामान और नकदी जलकर राख हो गया। इस दौरान घर में लगभग 80 वर्षीय एक बीमार बुजुर्ग व्यक्ति मौजूद थे। आग लगने की सूचना मिलते ही पड़ोसियों और ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बुजुर्ग को सुरक्षित घर से बाहर निकाला। साथ ही, मकान में बंधे पशुओं को भी बाहर निकालकर उनकी जान बचाई। ग्रामीणों की सूझबूझ और समय पर किए गए प्रयासों से एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक मकान में रखा सामान पलंग, कपड़े, मेज, कुर्सी, सोफा सेट, खाट, इनवर्टर बैटरी, नकदी, किताबें जल चुकी थीं।

- समय रहते बीमार बुजुर्ग को ग्रामीणों ने सुरक्षित निकाला



हिसार। ड्रा निकलवाते नगर निगम अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

अब पोर्टा केबिन में अपने उत्पाद बेच सकेंगी महिलाएं

- महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नगर निगम की अनूठी पहल
- ड्रॉ से शिव, लाभ व भविष्य महिला समूहों को मिले पोर्टा केबिन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने की दिशा में नगर निगम ने एक सराहनीय कदम उठाया है। निगम क्षेत्र में कार्यरत महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को अपने हस्त निर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए तीन पोर्टा केबिन उपलब्ध करवाए गए हैं। इन केबिनों के माध्यम से महिला समूहों को एक साझा बाजार मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मंगलवार को निगमायुक्त सी. जयाश्रद्धा के आदेशानुसार और संयुक्त आयुक्त कुलभूषण बंसल के कार्यालय में पारदर्शिता के साथ तीनों पोर्टा केबिनों के आवंटन के लिए ड्रॉ निकाला गया।

6 महीने बाद अन्य समूहों को मिलेगा मौका

नगर निगम प्रशासन के अनुसार, ये तीनों पोर्टा केबिन महिला समूहों को 6 महीने की अवधि के लिए किराए पर दिए गए हैं। निर्धारित 6 महीने का कार्यकाल पूरा होने के बाद अन्य स्वयं सहायता समूहों को भी स्वरोजगार का अवसर दिया जाएगा। निगम द्वारा इसके लिए एक प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) भी तैयार की गई है, जिसमें लक्ष्य एसएचजी, ताज एसएचजी, कांता एसएचजी, अनूप एसएचजी, श्री बालाजी और लक्ष्मण समूह शामिल हैं। यदि आवंटित समूहों में से कोई केबिन चलाने में असमर्थ रहता है, तो वेटिंग लिस्ट के अगले समूह को मौका दिया जाएगा।

जानें किसे मिला कौन-सा केबिन

सबसे पहले नगर निगम कार्यालय परिसर में स्थापित पोर्टा केबिन में कैंटीन संचालन के लिए ड्रॉ निकाला गया, जो शिव कुमार के नाम रहा। पुराना गवर्नमेंट कॉलेज परिसर परिसर में सामान बिक्री के लिए बने केबिन का आवंटन लाभ स्वयं सहायता समूह को हुआ। मधुबन पार्क में स्थापित पोर्टा केबिन भविष्य समूह को आवंटित किया गया।

गंगा महिमा की दी सुंदर प्रस्तुतियां

- विद्यार्थियों ने योग प्रदर्शन के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

साउथ बायपास स्थित विज्डम स्कूल में आयोजित चार दिवसीय बाल महोत्सव के तीसरे दिन 'गंगा' थीम पर आधारित कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और भारतीय संस्कृति के रंगों से सराबोर रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं 'नमामि नमामि' गीत की भक्तिमय प्रस्तुति से हुआ। विद्यार्थियों ने योग प्रदर्शन के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। डॉ. सत्य सावंत ने गंगा के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए इसके संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय की वर्षभर की शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद संबंधी उपलब्धियों को गर्व और उत्साह के साथ प्रस्तुत किया गया। 'जब जिद पर आ गई पार्वती, पार्वतीबोली शंकर से', 'बम भोले' तथा गंगा महिमा पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या नीलम पिलानिया एवं संचालक हरिपाल पिलानिया ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।



हिसार। अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

- जागरूकता कार्यक्रम में 9वीं से 12वीं कक्षा तक की छात्राओं को दी कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल में छात्राओं को साइबर अपराध, बाल संरक्षण और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक की छात्राओं को विभिन्न कानूनों और सुरक्षा संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एसडीएम एवं उपमंडल विधिक सेवा समिति, हांसी के अध्यक्ष आशुतोष, साइबर पुलिस के कांस्टेबल शिव कुमार, लीगल एडवोकेट रानी और पैरा लीगल वालंटियर कृष्ण कुमार ने छात्राओं को जागरूक किया। वक्ताओं ने पॉक्सो एक्ट-2012, चिल्ड्रेन फ्रेंडली लीगल सर्विसेज टू चिल्ड्रेन स्कीम-2024, बाल विवाह निषेध कानून और साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए कानूनी प्रावधान किए गए हैं।



हांसी। छात्राओं को साइबर अपराध, पॉक्सो एक्ट और बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करते उपमंडल विधिक सेवा समिति सदस्य।

जानकारी जरूरी

विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने कहा कि डिजिटल युग में विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई के साथ कानूनी अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा और साइबर सुरक्षा की जानकारी होना भी जरूरी है।



नारनौंद। विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में छाया परम मित्र कन्या स्कूल खांडा खेड़ी

- जिला स्तर खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

परम मित्र कन्या विद्या निकेतन विद्यालय खांडा खेड़ी के छात्र-छात्राओं ने जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धा में भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन किया। लड़कों के वर्ग की समूह गान प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान वहीं लड़कियों के वर्ग समूह गान प्रतियोगिता में भी द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा कुमारी हिमानी ने चित्रकारी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया। लड़कों के वर्ग में विद्यालय रस्साकसी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

बधाई दी

इस उपलब्धि के लिए विद्यालय कार्यकारिणी समिति की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु, निदेशक सुभाष श्योराण तथा संयोजक प्रवीण परूथी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासक मनदीप सिंधु व प्राचार्य अमित गौड़ ने इस उपलब्धि पर छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और कहा कि छात्रों की मेहनत रंग ला रही है हर मंच पर स्कूल के छात्र अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाकर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। विद्यालय प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय ग्रामीण आंचल की प्रतिभाओं के सर्वांगीण विकास के लिए वचनबद्ध है। स्कूली छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ कलाओं में भी निपुण किया जा रहा है ताकि वह हर क्षेत्र में अग्रणी रहकर अपनी मंजिल प्राप्त कर सके।

गो सेवा को समर्पित होगा नया हॉल

हिसार। श्री कृष्ण सुदामा गोधाम छतरियां वाली गोशाला में एक नए विशाल हॉल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। गांव के सम्मानित सेठ स्वर्गीय नरसिंह डालमिया के पुत्र एवं प्रमुख गोभक्त पवन कुमार डालमिया, उनके पुत्र मनोज कुमार डालमिया, उनकी धर्मपत्नी तथा संजय डालमिया ने गांव के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में विधि-विधान से नींव रखी। भूमि पूजन का कार्य विद्वान ब्राह्मण नरेश शर्मा द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान गोशाला अध्यक्ष संजय डालमिया ने पवन डालमिया और उनके परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पवन डालमिया जैसे निस्वार्थ गौ भक्तों और भामाशाहों के निरंतर सहयोग से ही गोधाम प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

जिला ब्राह्मण सभा व स्वर्ण समाज ने यूजीसी एक्ट के विरोध में निकाला आक्रोश मार्च

- एससी-एसटी एक्ट रद्द करने और जातिगत आरक्षण के स्थान पर आर्थिक आधार पर आरक्षण देने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिला ब्राह्मण सभा के प्रांगण में मंगलवार को स्वर्ण समाज द्वारा यूजीसी एक्ट के विरोध, एससी-एसटी एक्ट को रद्द करने तथा जातिगत आरक्षण के स्थान पर आर्थिक आधार पर आरक्षण देने की मांग को लेकर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल मकराना की अध्यक्षता में आक्रोश मार्च का आयोजन किया गया। आक्रोश प्रदर्शन के पश्चात स्वर्ण समाज के सभी सदस्य उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने के लिए लघु सचिवालय पहुंचे। वहां करणी सेना के अध्यक्ष महिपाल मकराना, सुरेंद्र शर्मा, पवन पहलवान, राजकुमार भारद्वाज एवं प्रीति सिंह की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जिला प्रधान रतनलाल शर्मा ने आगामी 10 जनवरी को दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का पूर्ण आश्वासन दिया। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बालोत, छाजूराम, राजेंद्र अग्निहोत्री, कुलभूषण शर्मा, शिव शंकर शर्मा, भगवत दयाल शर्मा, जयप्रकाश, सतपाल, सुंदर घिराइया, सज्जन कुमार, वेद गोद आदि रहे।



हिसार। आक्रोश प्रदर्शन को संबोधित करते हुए करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल मकराना। फोटो: हरिभूमि



सीबीएसई राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में डीपीएस की निश्चल ने जीता स्वर्ण

हिसार। दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा निश्चल शर्मा ने अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए सीबीएसई राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कैथल में आयोजित इस प्रतियोगिता में निश्चल ने अंडर-17 बालिका वर्ग के 48 से 50 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के परिणामस्वरूप निश्चल शर्मा ने एसजीएफआई राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई किया है। विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने निश्चल शर्मा, उनके अभिभावकों तथा खेल विभाग अध्यक्ष के के मंडल को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की खेल उपलब्धियाँ उनके आत्मविश्वास, अनुशासन और समर्पण को दर्शाती हैं। विद्यालय निदेशक निहाल सिंह ने भी निश्चल की सफलता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उपलब्धि खुशी ने जीता गोल्ड, एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयन

नेशनल ग्रेपलिंग रेसलिंग चैंपियनशिप में राजथल की छोरी ने दिखाया दम

ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ खुशी का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

गांव राजथल की खिलाड़ी खुशी ने हरिद्वार में आयोजित 19वीं नेशनल ग्रेपलिंग रेसलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में भी अपनी जगह पक्की कर ली है। प्रतियोगिता जीतकर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों और परिजनों ने खुशी का ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मेहर सिंह बिसला, रामकुमार शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि अनिल गोदारा, रतन शर्मा, सतवीर सिंह, तकदीर, बिट्टू, सुरेश, वीरेंद्र, जय सिंह, प्रेम और शमशेर सहित अनेक ग्रामीणों ने बेटी को आशीर्वाद दिया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों ने खुशी की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि पहले गांव की पहचान नशे के कारण खराब हो रही थी, लेकिन अब युवा नशे का रास्ता छोड़कर खेलों में अपना भविष्य बना रहे हैं और गांव की पहचान को बदल रहे हैं।हरिद्वार में 24 से 26 अक्टूबर तक आयोजित 19वीं राष्ट्रीय ग्रेपलिंग रेसलिंग चैंपियनशिप में राजथल निवासी खुशी पुत्री सुनील ने अंडर-17 आयु वर्ग के 52 किलोग्राम भार वर्ग में हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में कड़े संघर्ष के बीच खुशी ने हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ी को परास्त कर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया।



नारनौंद। विजेता खिलाड़ी का स्वागत करते हुए ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

खुशी को बचपन से ही खेलने का शौक था

अपनी उपलब्धि पर खुशी ने बताया कि उसे बचपन से ही खेलने का शौक था। जब वह चौथी कक्षा में पढ़ती थी, तब से ही अपने भाइयों के साथ घर पर कुश्ती के दांव-पेच आजमाती थी। उन्होंने बताया कि जब मैंने 'दंगल' फिल्म देखी, तो उससे मुझे बहुत प्रेरणा मिली। उसी दिन मन में संकल्प ले लिया था कि कुश्ती खिलाड़ी बनकर अपने गांव और देश का नाम रोशन करना है। खुशी के पिता सुनील पेशे से ठेकेदार हैं और माता पूनम गृहिणी हैं। खुशी की बड़ी बहन मुस्कान ने कहा कि खुशी में अद्भुत खेल कौशल है।

तेजस ने स्पीड स्केटिंग में जीते दो पदक

हिसार। होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा दूसरी के प्रतिभाशाली विद्यार्थी तेजस वत्स ने हरियाणा रोलर स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित हरियाणा स्टेट स्पीड स्केटिंग क्लस्टर क्लब लेवल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-9 आयु वर्ग में दो रजत पदक हासिल किए। यह प्रतियोगिता श्री राम ग्लोबल स्कूल, टोहाना में आयोजित की गई। तेजस की सफलता के पीछे उसकी नियमित मेहनत और निरंतर अभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्केटिंग कोच दीपांशु पूनिया और सहायक कोच नीतू मोर के मार्गदर्शन में तेजस अपने खेल कौशल को लगातार निखार रहा है। आर.एस. सिंधु व प्रधानाचार्या अनिता पन्नू दलाल ने तेजस की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005